बरकतजउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांक 163 /कुलसचिव/2022 भोपाल,दिनांक 07/11/2022

आदेश

राज्य शासन की पहल पर **उर्जा साक्षरता अभियान** चलाया जा रहा है, इस हेतु विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा पत्र क्रमांक 1360/आउशि/शाखा-4/2022 भोपाल,दिनांक 20.10.2022 प्रेषित किया गया है ।

शासन की मंशानुसार अभियान के सुचारू संचालन हेतु डॉ. तरूणा जैन, विभागाध्यक्ष, संविदा व्याख्याता यूआईटी को समन्वयक नियुक्त किया जाता है ।

उर्जा साक्षरता अभियान के तहत दिनांक 21.10.2022 को प्रातः 11.00 बजे बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में दिये गये दिशा निर्देश आदेश के साथ संलग्न है । अतः अभियान हेतु प्राप्त दिशा निर्देशा के तहत **तीन दिवस में कार्यवाही सम्पन्न की जानी है। इसे दृष्टिगत रखते हुए समस्त शाखा के उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/आईटी प्रभारी/विश्वविद्यालय यंत्री/उपयंत्री/ उच्च प्राथमिकता पर संलग्न विवरण अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।**

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

क्रमांक 164 /कुलसचिव/2022 भोपाल,दिनांक 07/11/2022

प्रतिलिपि-

1. संचालक, यूआईटी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
2. डॉ. तरूणा जैन, विभागाध्यक्ष, संविदा व्याख्याता, यूआईटी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ एवं समयसीमा में कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष की ओर सूचनार्थ एवं समयसीमा में कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव की ओर सूचनार्थ एवं समयसीमा में कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
5. विश्वविद्यालय यंत्री/उपयंत्री की ओर सूचनार्थ एवं समयसीमा में कार्यवाही करने हेतु प्रेषित ।
6. प्रभारी, आईटी सेल की ओर इस निर्देश के साथ की समन्वयक को पूर्ण सहयोग कर समयसीमा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें ।
7. कुलपति के सचिव के माध्यम से मा.कुलपति जी के सूचनार्थ ।
8. नस्ती ।

कुलसचिव
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय,भोपाल

यूनिवर्सिटी इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नॉलाजी
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल

दिनांक 21 / 10 / 22

–:ऊर्जा साक्षरता अभियानः–

मीटिंग का विवरणः–

अपर आयुक्त मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में प्रातः 11.00 बजे मीटिंग आरंभ हुई। जिसमें निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा हुई एवं दिशा निर्देश प्राप्त हुए।

1. आपके विभाग में नवम्बर 2022 एवं उसके बाद की अवधि में बिजली बिल में पिछले वर्ष नवम्बर 2022 की तुलना में लगभग 20–30 प्रतिशत कटोती सुनिश्चित करें।
2. उपरोक्त बिजली खपत में कमी लाने हेतु सस्था/विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी प्रतिदिन कक्षाओं में लाइट एवं पंखा उपयोग होने के उपरांत बन्द करना सुनिश्चित करें।
3. शिक्षक, विद्यार्थी एवं समस्त कर्मचारीगण अपने कक्षा / कक्ष की खिड़कियों का समुचित उपयोग कर लाइट एवं पंखों का कम उपयोग करना सुनिश्चित करें।
4. अधिकारी एवं कर्मचारीगण पुराने बिजली उपकरण की जगह नये कम उर्जा खपत वाले स्टार रेटेड उपकरण एवं एल.ई.डी. लाइट का उपयोग करना सुनिश्चित करें।
5. शिक्षणगण अपने छात्रों की बिजली बचत करने हेतु प्रेरित करें एवं उन्हें अपने घर परिवार को उपरोक्त विषय में साक्षर करने हेतु निर्देशित करें।
6. समस्त विभागों के समस्त छात्रों को एम.पी. उर्जा साक्षरता अभियान के एप USHA पर रजिस्ट्रेशन कर साक्षर करना सुनिश्चित करें। समस्त अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षक छात्र को निश्चित समयावधि में उपरोक्त पंजीयन करना आवश्यक है एवं समस्त मॉडयूल पूर्ण करके अपना सर्टिफिकेट लेना सुनिश्चित करें।
7. उपरोक्त उद्देश्य हेतु शिक्षक स्पेशल कक्षा लगाकर (एकैं या एक से ज्यादा कक्षायें ले सकते हैं) छात्रों को मोबाईल पर सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया पूर्ण करें। एक मोबाईल पर अधिकतम 05 सर्टिफिकेट जारी जो सकते हैं।
8. म.प्र. स्थापना दिवस 01 नवम्बर के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के तहत 06 नवम्बर तक ज्यादा से ज्यादा छात्रों को भी साक्षर बनायें। हरित उर्जा अभियान के तहत उपरोक्त सर्टिफिकेशन को सूचीबद्ध करे।
9. उर्जा के क्षेत्र में राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार हेतु चयन के लिये वोटिंग हेतु लिंक प्रेषित की गयी है। दिनांक 21 अक्टुबर 2022 की शाम 5 बजे तक उपरोक्त लिंक पर समस्त छात्रों द्वारा वोटिंग करवायें।
10. उर्जा साक्षरता अभियान पर नेक (NAAC) में क्रेडिट अंक दिये जाने हेतु हैं। अतः बिजली बचत, सर्टिफिकेट विरण एवं उपरोक्त में जुड़े विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रम की फोटो एवं विवरण एकत्र कर NAAC टीम को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

Encl: Letter from Higher Edu. deptt. , MP

Parena
21/10/22